# नेमार ने फुटबॉल से लिया संन्यास



**न्यूयॉर्क. ब्राजील फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी नेमार ने सोमवार को फीफा विश्वकप में नॉर्वे के खिलाफ उनकी टीम को मिली हार के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया. 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पेनल्टी के जरिए मैच के अंत में एक सांत्वना गोल दागा, लेकिन ब्राजील को एर्लिंग हालैंड के दो गोलों की बदौलत नॉर्वे से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा. नेमार की इस घोषणा के साथ ही उनके 16 साल लंबे करियर का अंत हो गया.**


चोटो से जूझ रहे नेमार ने विश्वकप में दो मैच खेले. न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में मैच खत्म होने की सीटी बजते ही नेमार रोते हुए जमीन पर गिर पड़े, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी. भावुक नेमार ने कहा, ' मैंने कोशिश की, मैंने कोशिश की. अब, यह सब खत्म हो गया है. मैंने यहीं से शुरुआत की थी; यहीं पर मेरा अंत हुआ. ' नेमार ने अगस्त 2010 में मेटलाइफ स्टेडियम में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ एक मैत्रीपूर्ण मैच में ब्राजील के लिए पदार्पण किया और अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया. वह 80 गोल के साथ ब्राजील के सर्वकालिक अग्रणी गोल स्कोरर के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त करेंगे, जो पेले से तीन गोल आगे है.

## मेरा आखिरी विश्वकप होगा : रोनाल्डो



**टेक्सास.** पुर्तगाल के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रविवार को कहा कि यह उनका आखिरी विश्व कप होगा. सोमवार को टेक्सास के अर्लिंग्टन में होने वाले राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पुर्तगाल के स्पेन के साथ होने वाले मुकाबले से पहले रोनाल्डो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह उनका आखिरी विश्वकप होगा. रोनाल्डो ने कहा, 'बात यह है कि इसका जितना हो सके उतना आनंद लेना है. यह मेरा आखिरी विश्व कप होगा, लेकिन उम्मीद है कि कल का मैच मेरा आखिरी मैच नहीं होगा. वो दिन जरूर आएगा जब मैं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लूंगा. लेकिन मैं सच कहूंगा. कल जो भी हो, क्रिस्टियानो पूरी तरह से साफ मन से फुटबॉल छोड़ेगा, शतप्रतिशत नहीं, बल्कि 1000 प्रतिशत. क्योंकि मैंने फुटबॉल को अपना सब कुछ दे दिया है. मुझे इसकी जरूरत नहीं है, मेरी जिंदगी अच्छी है, लेकिन बात जुनून की है. मैं फुटबॉल इसलिए खेलता हूं क्योंकि मुझे इससे प्यार है... आपको हर दिन का आनंद लेना चाहिए. और मैंने इस विश्व कप में तीन गोल किए हैं, मैं कुछ बुरा नहीं कर रहा हूं, है ना.

## हालैंड के करिश्मे से ब्राजील बाहर,नॉर्वे क्वार्टर फाइनल में



**न्यूयॉर्क.** अर्लिंग हालैंड के आखिरी पलों में किये गए दो करिश्माई गोलों की बदौलत नॉर्वे ने पांच बार के विश्व चैम्पियन ब्राजील को रविवार को 2-1 से चौंकाकर पहली बार वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. नॉर्वे ने न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में पाँच बार की चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर विश्व कप से बाहर का रास्ता दिखा दिया. नॉर्वे के गोलकीपर ओर्जन नाइलैंड ने ब्रूनो गुइमारेस की शुरुआती पेनल्टी को रोका, जिसके बाद हालैंड ने दूसरे हाफ में 79वें मिनट में ज़बरदस्त हेडर से गोल करके गतिरोध तोड़ा और 11 मिनट बाद बेहतरीन शॉट से दूसरा गोल भी किया. मैनचेस्टर सिटी के लंबे-चौड़े स्ट्राइकर ने गैब्रियल मैगलहेस को पीछे छोड़ते हुए एंड्रियास श्जेल्डरुप के क्रॉस पर हेडर से गोल किया और 79वें मिनट में नॉर्वे को बढ़त दिलाई. 90वें मिनट में, हालैंड ने डैनिलो सैंटोस के पैरों के बीच से और एलिसन को छकाते हुए एक ज़ोरदार लो-शॉट मारा. इन दो गोलों के साथ हालैंड टूर्नामेंट में सात गोल के साथ अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे के बराबर पहुँच गए.

## मिडफील्ड पुर्तगाल की 'सर्वश्रेष्ठ पीढ़ी' से कहीं बेहतर है : रोड्रिगो

**डलास.** स्पेन की फुटबॉल टीम के कप्तान रोड्रिगो हर्नांडेज कैस्केन्टे ने कहा है कि उनकी टीम का मिडफील्डर पुर्तगाल के मिडफील्ड से कही बेहतर है, साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि उनके प्रतिद्वंद्वी की टीम में 'अब तक की सबसे बेहतरीन पीढ़ी' के खिलाड़ी हैं. दोनों टीमें सोमवार को डलास में भिड़ेंगी, जिसमें स्पेन के ऑल-स्टार मिडफील्ड बैलन डी'ओर विजेता रोड्री, पेड्रि और दानी ओल्मो का सामना पुर्तगाल के विटिन्हा, जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस से होगा. कॉटन बाउल स्टेडियम में रविवार को प्रशिक्षण से पहले पत्रकारों से बातचीत में रोड्रिगो ने कहा, 'वे हमेशा एक कठिन प्रतिद्वंद्वी होते हैं. वे हमें अच्छी तरह जानते हैं, और हम भी उन्हें अच्छी तरह जानते हैं. मेरे हिसाब से, उनके पास अब तक की सबसे बेहतरीन पीढ़ी है. हम जानते हैं कि हमें आगे बढ़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा.' रोड्रिगो से पूछा गया कि क्या पुर्तगाल की मिडफील्ड तिकड़ी - जिसमें पेरिस सेंट-जर्मेन के दो खिलाड़ी विटिन्हा और जोआओ नेवेस शामिल हैं, जिन्होंने लगातार दो बार चैंपियंस लीग जीती है - दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तिकड़ी है. उन्होंने कहा, ' मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ टीम, सर्वश्रेष्ठ मिडफ़ील्ड हमारी टीम है. उनके पास एक शानदार टीम है, जिसमें सितारे भरे पड़े हैं, शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं, और हम जानते हैं कि वे सामूहिक रूप से भी अच्छा खेलते हैं. उनके पास लगभग सब कुछ है, और हम यह साबित करने की उम्मीद करते हैं कि हम उनसे बेहतर हैं.'

## दक्षिण कोरिया के फुटबॉल प्रमुख ने इस्तीफा दिया

**न्यूयॉर्क.** दक्षिण कोरिया के निराशाजनक वर्ल्ड कप कैंपेन के असर के बीच, सोमवार को चुंग मोंग-ग्यू ने कोरिया फुटबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट पद से इस्तीफा दे दिया. साउथ कोरिया के नॉकआउट स्टेज में न पहुँच पाने और ग्रुप ए में तीन पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर रहने के बाद हेड कोच होंग म्युंग-बो के हटने के बाद चुंग ने भी पद छोड़ दिया. दक्षिण कोरिया ने चेक रिपब्लिक को हराया, लेकिन मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका से हार गया. अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए, चुंग ने अपने कार्यकाल की सफलताओं और असफलताओं, दोनों को स्वीकार किया. उन्होंने कहा, 'ऐसे पल भी आए जब मैं उम्मीदों पर खरा उतरा और ऐसे पल भी जब मैंने आपको बहुत निराश किया.' 'सारी सफलता हमारे खिलाड़ियों और फैंस की वजह से मिली है, और सारी गलतियों की जिम्मेदारी मेरी है. मुझे यकीन है कि कोरियाई फुटबॉल मुश्किलों से उबरकर एक बार फिर ऊंचाइयों को छुएगा, जैसा कि वह हमेशा करता रहा है.

## नॉवें ने ब्राजील को 2-1 से हराकर विश्वकप से किया बाहर

**न्यूयॉर्क.** एर्लिंग हालैंड अंतिम क्षणों में किये गये दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने पांच बार की चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 से बाहर कर दिया है. इस जीत के साथ नॉर्वे ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है. इस रोमांचक मुकबाले के हीरो एर्लिंग हालैंड ने मैच के आखिरी क्षणों (79वें और 90वें मिनट) में दो शानदार गोल दागकर नॉर्वे को जीत दिलाई. इंजरी टाइम में ब्राजील के लिए नेमार ने पेनल्टी से एक गोल किया, लेकिन यह हार टालने के लिए नाकाफी था.पहले हाफ में खेल का रुख बिल्कुल अलग हो सकता था, जब ब्राजील के फॉरवर्ड मैथियस कुन्हा ने पेनल्टी हासिल की, लेकिन नॉर्वे के ओरजान नाइलैंड ने ब्रूनो गुइमारेस के कमजोर प्रयास को बचा लिया. कई मौको के बावजूद पहला हॉफ गोल रहित रहा. मुकाबले के तीनों गोल मैच के दूसरे हॉफ में आये. ब्रेक के बाद नॉर्वे ने आक्रामक खेल दिखाया, जिसका श्रेय सोलबैकन के दो बड़े और शायद अप्रत्याशित बदलावों को जाता है. उन्होंने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और एंटोनियो नुसा की जगह एंड्रियास शेल्डरुप और ऑस्कर बॉब को मैदान पर उतारा.




## जीत के लिए पेनल्टी बचाना बहुत ज़रूरी था : नाइलैंड

न्यूयॉर्क, 06 जुलाई ब्राजील पर नॉर्वे की 2-1 की चौंका देने वाली जीत में अपने बेहतरीन बचाव से हीरो रहे नॉर्वे के गोलकीपर ओर्जन नाइलैंड ने कहा कि उनके पेनल्टी बचाने से टीम जीत की राह पर आ गई. ब्राज़ील पर नॉर्वे की 2-1 से जीत के बाद उन्होंने कहा, 'जब आप इतनी जल्दी पेनल्टी बचा लेते हैं, तो आपको हराना बहुत मुश्किल हो जाता है. यह मेरे लिए और टीम के लिए भी एक शानदार पल था, जिससे हमें थोड़ी राहत मिली.' न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में नॉर्वे ने पांच बार की चैंपियन टीम को चौंकाते हुए अपने पहले वर्ल्ड कप क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई. अर्लिंग हालैंड ने मैच के आखिरी पलों में दो गोल किए. नाइलैंड ने 14वें मिनट में ब्रूनो गुइमारेस की पेनल्टी बचाई. इसके बाद हालैंड ने 79वें मिनट में ज़बरदस्त हेडर से गोल करके बराबरी तोड़ी और 90वें मिनट में दूसरा गोल किया. 35 वर्षीय गोलकीपर ने कहा, 'आखिरकार हम सही समय पर गोल करने में भी कामयाब रहे, जो बहुत बढ़िया था.' अब नॉर्वे का मुक़ाबला इंग्लैंड से होगा जिसने मेक्सिको को 3-2 से पराजित किया.

## फीफा विश्वकप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

**मेक्सिको सिटी.** जूड बेलिंगहैम के दो गोल और हैरी केन के पेनल्टी स्पॉट से किए गए एक गोल की बदौलत इंग्लैंड ने सह मेजबान मेक्सिको को 3-2 से हराकर फीफा विश्वकप 2026 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. एज़्टेका स्टेडियम में सोमवार को खेले गये इस मुकाबले में इंग्लैंड के लिए बेलिंगहम ने मैच में पहला गोल 36वें मिनट और दूसरा 38वें मिनट में दागा. हैरी केन ने (60वें) मिनट गोल किये. वहीं मेक्सिको के लिए जूलियन क्विनोन्स ने 42वें मिनट तथा आर जिमेनेज ने 69वें मिनट में गोल किये. मैच की शुरुआत में बेलिंगहम के पहले हाफ में किए गए दो गोल से इंग्लैंड को 2-0 की बढ़त मिली. जूलियन क्विनोन्स ने इस अंतर को कम किया, लेकिन दूसरे हाफ में हैरी केन के पेनल्टी गोल ने इंग्लैंड को थोड़ी राहत दी. हालांकि, केन के पेनल्टी देने और जिमेनेज़ के उसे गोल के बाद मेक्सिको फिर से मुकाबले में वापसी की उम्मीद जगाने वाली स्थिति में आ गया था. मैच के दौरान जेरेल कांसा को रेर्ड कार्ड दिखा गया और इंग्लैंड को 10 खिलाड़ियों से खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा.



## सस्पेंशन हटाने के लिए फीफा की आलोचना

**न्यूयॉर्क.** यूरोपीय फ़ुटबॉल की गवर्निंग बॉडी यूएफा ने सोमवार को फीफा के उस फ़ैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें उसने अमेरिकी स्ट्राइकर फ़ोलारिन बालोगुन पर लगे एक मैच के ऑटोमैटिक बैन को सस्पेंड कर दिया, जिससे उन्हें सोमवार को बेल्जियम के ख़िलाफ़ वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ़ 16 मैच में खेलने की इजाज़त मिल गई. फीफा ने रविवार को घोषणा की कि उसने राउंड ऑफ़ 32 में बोस्निया और हर्ज़ेगोविना पर अमेरिका की 3-0 से जीत के दौरान खतरनाक फ़ाउल के लिए रेड कार्ड मिलने के बाद बालोगुन के ऑटोमैटिक सस्पेंशन को लागू करने पर रोक लगा दी है. इस कदम की व्यापक आलोचना हुई; रॉयल बेल्जियन फ़ुटबॉल एसोसिएशन ने इसे एक अभूतपूर्व फ़ैसला बताते हुए 'हैरानी' जताई.

### मैचों का सार

| क्रम | मैच | परिणाम | खास बात |
|---|---|---|---|
| 1. | अमेरिका बनाम बेल्जियम | आगामी मैच | बालोगुन का बैन सस्पेंड |
| 2. | दक्षिण कोरिया बनाम चेक गणराज्य | दक्षिण कोरिया जीता | ग्रुप स्टेज में जीत |
| 3. | दक्षिण कोरिया बनाम मैक्सिको | दक्षिण कोरिया हारा | खराब प्रदर्शन |
| 4. | दक्षिण कोरिया बनाम | दक्षिण कोरिया हारा | ग्रुप से बाहर हुआ |
| 5. | नॉर्वे बनाम ब्राजील | नॉर्वे जीता 2-1 | हालैंड के 2 गोल, ब्राजील |

## रेसलिंग : भारत ने गोल्ड और 20 मेडल जीते

**पटाया, 06 जुलाई, रविवार को खत्म हुए इस कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-20 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में कुल 20 मेडल जीते.**




इन मेडल्स में चार गोल्ड, सात सिल्वर और नौ ब्रॉन्ज़ शामिल थे, जो तीनों कैटेगरी (महिला रेसलिंग, पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन) में जीते गए. भारतीय पहलवानों ने चैंपियनशिप के दौरान कई वेट कैटेगरी में लगातार पोडियम पर जगह बनाई और महिला रेसलिंग व पुरुष फ्रीस्टाइल, दोनों में टॉप-3 टीम रैंकिंग हासिल की. महिला रेसलिंग में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 184 पॉइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया. भारत चैंपियन चीन (189 पॉइंट्स) से थोड़ा ही पीछे रहा, जबकि तीसरे स्थान पर रहे जापान (142 पॉइंट्स) को काफी पीछे छोड़ दिया. वहीं, भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल टीम 152 पॉइंट्स के साथ टीम स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर रही; उनसे आगे विजेता कजाकिस्तान (170 पॉइंट्स) और रनर-अप ईरान (164 पॉइंट्स) थे.

## कुलदीप कौर भारतीय महिला टीम की कप्तान

**जालंधर.** ताइवान में नौ से 12 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशिया पैसिफिक टचबॉल चैंपियनशिप के लिए पंजाब पुलिस की खिलाड़ी कुलदीप कौर को भारतीय महिला टचबॉल टीम का कप्तान और मनदीप कौर को उपकप्तान नियुक्त किया गया है. इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम देश का प्रतिनिधित्व करेगी. भारतीय टीम में कुलदीप कौर और मनदीप कौर के अलावा करिश्मा राठौर, दलजीत कौर, सोनम कुमारी, सरबजीत कौर, जगरूप कौर, खुशबीर कौर, मंजू गिल, मुस्कान और ममता सिंह को भी शामिल किया गया है.

टी20 | मेहमान टीम पांच मैचों की सीरीज में बराबरी करने की कोशिश करेगी

## भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**नॉटिंघम, 06 जुलाई मंगलवार को ट्रेंट ब्रिज में होने वाले तीसरे टी20 में भारत के सामने इंग्लैंड के खिलाफ 'करो या मरो' की चुनौती है.**



मेहमान टीम पांच मैचों की सीरीज में बराबरी करने की कोशिश करेगी, क्योंकि मेजबान टीम ने मैनचेस्टर में शानदार तरीके से लक्ष्य का पीछा करते हुए 1-0 की बढ़त बना ली है. चेस्टर-ली-स्ट्रीट में पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद, दूसरे टी 20 में इंग्लैंड ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट शेष रहते जीत हासिल की और सीरीज पर मजबूत पकड़ बना ली. इस हार ने एक अच्छा स्कोर बचाने में भारत की अक्षमता को उजागर किया और श्रेयस अय्यर की युवा टीम पर दबाव बढ़ा दिया.

पिछले मैच में जैकब बेथेल की 46 गेंदों में तूफानी 76 रन की पारी और हैरी ब्रूक की सिर्फ 15 गेंदों में विस्फोटक 39 रन की पारी से इंग्लैंड का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है. सैम करन (3/33) ने अनुशासित गेंदबाजी की, जबकि जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी और आदिल राशिद की चतुराई इंग्लैंड को घरेलू परिस्थितियों में एक मजबूत टीम बनाती है.

## विंबलडन : मुचोवा ने क्रेजिकोवा को हराया



**लंदन, 06 जुलाई. कैरोलिना मुचोवा विंबलडन को छोड़कर हर ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची हैं. चेक गणराज्य की यह चालाक खिलाड़ी, जिसका ऑल-कोर्ट गेम ग्रास कोर्ट के लिए बहुत अच्छा है, 2019 और 2021 में ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पहले दो मेन-ड्रॉ मैचों में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी (2020 में टूर्नामेंट नहीं हुआ था). लेकिन लंदन में अपने अगले चार मैचों में वह हर बार पहले ही राउंड में बाहर हो गई.**

रविवार को, मुचोवा ने अपनी ही देश की बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर तीसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. क्रेजिकोवा इस ड्रॉ में बची हुई एकमात्र पूर्व विंबलडन महिला सिंगल्स चैंपियन थीं. इस जीत से यह तय हो गया है कि शनिवार को विंबलडन में पहली बार कोई नई महिला सिंगल्स चैंपियन बनेगी. जीत के बाद उन्होंने मीडिया से कहा, 'मुझे लगता है कि उन सालों में मैंने बहुत अच्छा खेला, इसलिए मैं क्वार्टर फाइनल तक पहुंच पाई. जिन सालों में मैं पहले राउंड में हारी, तब मैंने वैसा नहीं खेला था. यह बहुत आसान है (मुस्कुराते हुए). ग्रास कोर्ट का खेल बहुत अलग होता है. मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा फैसला लिया कि विंबलडन से पहले मैंने दो टूर्नामेंट खेले, ताकि मुझे ग्रास कोर्ट पर बेहतर महसूस करने के लिए कुछ और मैच मिल सकें.

## सिनर लगातार पांचवीं बार क्वार्टर फ़ाइनल में

**लंदन.** विश्व में नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने रविवार को ग्रास-कोर्ट टूर्नामेंट में जापानी क्वालिफ़ायर शिंतारो मोचिज़ुकी को 6-3, 7-6(0), 6-3 से हराकर क्वार्टर फ़ाइनल में लगातार पांचवीं बार अपनी जगह पक्की की. विम्बलडन में अपने शुरुआती दौर में सिनर को मियोमिर केकमनोविच के खिलाफ़ पाँच सेट तक खेलना पड़ा था, लेकिन उसके बाद उन्होंने लगातार तीन जीत हासिल की हैं; मोचिज़ुकी के खिलाफ़ उनकी हालिया जीत इतालवी खिलाड़ी के लिए अपेक्षाकृत आसान रही. सिनर ने कोर्ट पर हुए इंटरव्यू में कहा, 'यह पहली बार था जब हम एक-दूसरे के खिलाफ़ खेले, इसलिए मुझे ठीक से नहीं पता था कि क्या उम्मीद करनी है.



## ओसाका ने विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**लंदन.** जापान की टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने शीर्ष क्रम की आर्यना सबलेंका को 6-2, 7-6 (2) से हराकर रविवार को पहली बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. ओसाका ने शुरुआती ब्रेक प्वाइंट पर इनसाइड-आउट बैकहैंड विनर लगाकर पहले सेट में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली. फिर दूसरे सेट के टाईब्रेकर में बेलारुस की सबालेंका की लगातार गलतियों ने ओसाका को बढ़त दिला दी. ओसाका ने अपने सामने आए एकमात्र दो ब्रेक पॉइंट बचाए. ओसाका ने मैच में ऐस में 8-5 और विनर्स में 21-15 की बढ़त बनाई, जो डेढ़ घंटे से भी कम समय तक चला. मैच के बाद सबलेंका ने कहा, ' मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, और उसने शायद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. कभी-कभी ऐसा हो जाता है. कभी-कभी आप मैदान पर उतरकर अपनी पूरी कोशिश करते हैं और फिर भी मैच हार जाते हैं.